एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

एमी जैक्शन ने बेटे के साथ शेयर की तस्वीर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस एमी जैक्सन ने बेबी बॉय को 23 सितंबर को जन्म दिया है। इसके बाद से एमी जैक्सन अक्सर अपने बच्चे एंड्रियाज के साथ की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। बता दें कि ऐक्ट्रेस अपनी प्रेग्नेंसी के समय भी काफी तस्वीरें सोशल मीडिया करती थीं। एमी जैक्सन ने एक बार फिर अपने बेटे एंड्रियाज के साथ तस्वीर को अपने इंस्टग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस तस्वीर में सोफे पर बैठी एमी जैक्शन अपने बेटे को पेट पर लिटाए हुए हैं। ऐमी जैक्शन और उनके बेटे ने ब्राउन स्वेटर पहन रखा है। कुछ दिन बाद एमी जैक्सन का बेटा एंड्रियाज दो महीने का हो जाएगा। पिछले महीने ऐक्ट्रेस ने अपने बेटे के एक महीने का होने पर खूबसूरत पोस्ट शेयर किया था। बता दें कि एमी जैक्शन ने बीती जनवरी अपने बॉयफ्रेंड जॉर्ज के साथ एंगेजमेंट की थी। दोनों एक-दूसरे को 2015 से जानते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो एमी जैक्शन आखिरी बार फिल्म 2.0 में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ रजनीकांत और अक्षय कुमार थे। फिलहाल इस समय वह अपने परिवार के साथ लंदन में रह रही हैं।

स्टूडेंड ऑफ द इयर 2 के बाद बॉडी शेमिंग का शिकार हुई थीं तारा सुतारिया!

तारा सुतारिया पुनीत मल्होत्रा की फिल्म स्टूडेंड ऑफ द इयर 2 से बॉलिवुड डेब्यू कर चुकी हैं। उनके साथ फिल्म में अनन्या पांडे और टाइगर श्रॉफ भी थे। फिल्म में परफॉर्मेंस के लिए उन्हें मिक्स रिव्यू मिले। क्या आप जानते हैं कि फिल्म के बाद तारा को बॉडी शेमिंग का शिकार भी होना पड़ा था? जी हां, रिपोर्ट्स के मुताबिक तारा बताती हैं कि लोग अक्सर हर्ट करने वाली बातें बोलते रहते हैं। जब उन्होंने स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 में काम किया तो लोगों ने उन्हें एनोरेक्सिया (दुबलेपन) का मरीज बताया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 2-3 किलो वजन बढ़ा लिया तो उसे ओवरवेट कहने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने बताया कि लोग कभी भी संतुष्ट नहीं होंगे और आपको नीचे गिराने की कोशिश करेंगे। उन्होंने माना कि शुरू में उन्हें इन सबसे परेशानी हो रही थी। बता दें कि तारा की दूसरी फिल्म आ रही है। वह मिलाप जावेरी की फिल्म मरजावां में दिखाई देंगी। इसमें उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख साथ में रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगे।

लगता है मैं लव-ट्राइऐंगल में हूं: अनन्या पांडे

अनन्या पांडे फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से अपना डेब्यू कर चुकी हैं और जल्द ही पति पत्नी और वो में नजर आएंगी। यह फिल्म लव ट्राइऐंगल है और इसमें कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या हैं। अनन्या पांडे ने हाल ही में साइबर बुलीइंग के खिलाफ कैंपेन शुरू किया है और सोशल मीडिया पर उनकी जबर्दस्त फैन फॉलोइंग है। हालांकि इन दिनों शायद वह खुद को प्यार करने की कला सीख रही हैं। हाल ही में एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, मुझे लगता है कि मैं लव ट्राइऐंगल में हूं...मैं खुद से प्यार करती हूं, मैं खुदको प्यार करती हूं, मैं अपने आपको प्यार करती हूं बता दें कि अनन्या ने स्कूल के दिनों में बुलीइंग फेस की थी। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था, स्कूल में हम यूनिफॉर्म पहनते थे और नेल पॉलिश और काजल नहीं लगा सकते थे। मुझे कई समस्याएं रहती थीं जैसे बॉडी इशूज, स्ट्रेस, एग्जाम। मैं कुछ भी खा लूं लेकिन बहुत पतली हूं। हर कोई कर्वी बॉडी चाहता है और खास तरह से दिखना चाहता है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं जैसी हूं, खुश हूं।